www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**UGC NET Paper 2 June 30, 2013 Shift 1 Sociology Question Paper**

# PAPER-II
# SOCIOLOGY

**Signature and Name of Invigilator**

1. (Signature) ____________________________
   (Name) ____________________________
2. (Signature) ____________________________
   (Name) ____________________________

OMR Sheet No. : ..............................................
(To be filled by the Candidate)

Roll No. | | | | | | | | |
(In figures as per admission card)

Roll No.____________________________________
(In words)

**J 0 5 1 3**

Time : 1 $^1/_4$ hours]

[Maximum Marks : **100**

Number of Pages in this Booklet : **16**

Number of Questions in this Booklet : **50**

## Instructions for the Candidates

1. Write your roll number in the space provided on the top of this page.
2. This paper consists of fifty multiple-choice type of questions.
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   (i) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal / polythene bag on the booklet. Do not accept a booklet without sticker-seal / without polythene bag and do not accept an open booklet.
   (ii) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the Question Booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
   (iii) After this verification is over, the OMR Sheet Number should be entered on this Test Booklet.
4. Each item has four alternative responses marked (A), (B), (C) and (D). You have to darken the circle as indicated below on the correct response against each item.
   **Example :** (A) (B) ● (D)
   where (C) is the correct response.
5. Your responses to the items are to be indicated in the **OMR Sheet given inside the Paper I Booklet only.** If you mark at any place other than in the circle in the OMR Sheet, it will not be evaluated.
6. Read instructions given inside carefully.
7. Rough Work is to be done in the end of this booklet.
8. If you write your Name, Roll Number, Phone Number or put any mark on any part of the OMR Sheet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, or use abusive language or employ any other unfair means, you will render yourself liable to disqualification.
9. You have to return the original OMR Sheet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall. You are however, allowed to carry duplicate copy of OMR Sheet on conclusion of examination.
10. **Use only Blue/Black Ball point pen.**
11. **Use of any calculator or log table etc., is prohibited.**
12. **There is no negative marks for incorrect answers.**

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. पहले पृष्ठ के ऊपर नियत स्थान पर अपना रोल नम्बर लिखिए ।
2. इस प्रश्न-पत्र में पचास बहुविकल्पीय प्रश्न हैं ।
3. परीक्षा प्रारम्भ होने पर, प्रश्न-पुस्तिका आपको दे दी जायेगी । पहले पाँच मिनट आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने तथा उसकी निम्नलिखित जाँच के लिए दिये जायेंगे, जिसकी जाँच आपको अवश्य करनी है :
   (i) प्रश्न-पुस्तिका खोलने के लिए पुस्तिका पर लगी कागज की सील / पोलिथीन बैग को फाड़ लें । खुली हुई या बिना स्टीकर-सील / बिना पोलिथीन बैग की पुस्तिका स्वीकार न करें ।
   (ii) **कवर पृष्ठ पर छपे निर्देशानुसार प्रश्न-पुस्तिका के पृष्ठ तथा प्रश्नों की संख्या को अच्छी तरह चैक कर लें कि ये पूरे हैं । दोषपूर्ण पुस्तिका जिनमें पृष्ठ/प्रश्न कम हों या दुबारा आ गये हों या सीरियल में न हों अर्थात् किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण पुस्तिका स्वीकार न करें तथा उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका ले लें । इसके लिए आपको पाँच मिनट दिये जायेंगे । उसके बाद न तो आपकी प्रश्न-पुस्तिका वापस ली जायेगी और न ही आपको अतिरिक्त समय दिया जायेगा ।**
   (iii) इस जाँच के बाद OMR पत्रक की क्रम संख्या इस प्रश्न-पुस्तिका पर अंकित कर दें ।
4. प्रत्येक प्रश्न के लिए चार उत्तर विकल्प (A), (B), (C) तथा (D) दिये गये हैं । आपको सही उत्तर के वृत्त को पेन से भरकर काला करना है जैसा कि नीचे दिखाया गया है ।
   **उदाहरण :** (A) (B) ● (D) जबकि (C) सही उत्तर है ।
5. प्रश्नों के उत्तर **केवल प्रश्न पत्र I के अन्दर दिये गये OMR पत्रक पर ही** अंकित करने हैं । यदि आप OMR पत्रक पर दिये गये वृत्त के अलावा किसी अन्य स्थान पर उत्तर चिह्नांकित करते हैं, तो उसका मूल्यांकन नहीं होगा ।
6. अन्दर दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें ।
7. कच्चा काम (Rough Work) इस पुस्तिका के अन्तिम पृष्ठ पर करें ।
8. यदि आप OMR पत्रक पर नियत स्थान के अलावा अपना नाम, रोल नम्बर, फोन नम्बर या कोई भी ऐसा चिह्न जिससे आपकी पहचान हो सके, अंकित करते हैं अथवा अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं, या कोई अन्य अनुचित साधन का प्रयोग करते हैं, तो परीक्षा के लिये अयोग्य घोषित किये जा सकते हैं ।
9. आपको परीक्षा समाप्त होने पर मूल OMR पत्रक निरीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है और परीक्षा समाप्ति के बाद उसे अपने साथ परीक्षा भवन से बाहर न लेकर जायें । हालांकि आप परीक्षा समाप्ति पर OMR पत्रक की डुप्लीकेट प्रति अपने साथ ले जा सकते हैं ।
10. **केवल नीले/काले बाल प्वाईंट पेन का ही इस्तेमाल करें ।**
11. **किसी भी प्रकार का संगणक (कैलकुलेटर) या लाग टेबल आदि का प्रयोग वर्जित है ।**
12. **गलत उत्तरों के लिए कोई अंक काटे नहीं जाएँगे ।**

www.prepp.in

Prepp Your Personal Exams Guide

# SOCIOLOGY
## Paper – II

**Note :** This paper contains **fifty (50)** objective type questions of **two (2)** marks each. **All** questions are compulsory.

**1.** Match the followings :

| List – I (Concepts) | List – II (Authors) |
|---|---|
| a. Cultural Lag | i. K. Marx |
| b. False Consciousness | ii. Ogburn |
| c. Law of Similarity and Contact | iii. J. Frazer |
| d. Institutionalization of class conflict | iv. R. Dahrendorf |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | ii | i | iii | iv |
| (B) | iv | iii | i | ii |
| (C) | iii | ii | iv | i |
| (D) | i | iv | ii | iii |

**2.** Fill in the blanks :

An institution is composed of _______.

(A) Actors and Groups
(B) Rules and procedures
(C) Values and norms
(D) All

**3.** George Simmel's classification of group as 'Monad', 'Dyad', 'Triad' is based on

(A) Physical proximity
(B) Nature of membership
(C) Social relations
(D) Size of the group

**4.** An area of social living which is marked by some degree of social coherence and similarity is called

(A) Social group
(B) Society
(C) Community
(D) Association

**5.** C.W. Mills' perspective takes into account

i. Biography
ii. Sociography
iii. History
iv. Geography
v. Ethnography

Select the correct alternatives :

(A) ii only
(B) ii and iii only
(C) i and iii only
(D) i, ii, iv and v only

**6.** Which of the following instances may <u>not</u> be considered as a reference-group behaviour ?

(A) Proletarianization
(B) Embourgeoisment
(C) Sanskritization
(D) Modernization

**7.** Which of the following is a set of informal groups ?

(A) Clique, faction, caucus
(B) Gang, union, dacoits
(C) Slum, village, NGO
(D) Neighbourhood, Peer group, Panchayat

**8.** Who argued that the school prepares children to move towards universalistic standards and achieved status of adult society ?

(A) E. Durkheim
(B) T. Parsons
(C) R.K. Merton
(D) K. Davis

www.prepp.in
Prepp Your Personal Exams Guide

# समाजशास्त्र

## प्रश्नपत्र – II

**निर्देश :** इस प्रश्नपत्र में **पचास (50)** बहु-विकल्पीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के **दो (2)** अंक हैं । **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।

**1.** निम्नलिखित को सुमेलित कीजिए :

| **सूची – I (अवधारणा)** | **सूची – II (लेखक)** |
|---|---|
| a. सांस्कृतिक पश्चता | i. के. मार्क्स |
| b. मिथ्या चेतना | ii. ऑग्बर्न |
| c. समानता एवं सम्पर्क का नियम | iii. जे. फ्रेजर |
| d. वर्ग संघर्ष का संस्थाकरण | iv. आर. डेह्रेंडॉर्फ |

**कूट :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | ii | i | iii | iv |
| (B) | iv | iii | i | ii |
| (C) | iii | ii | iv | i |
| (D) | i | iv | ii | iii |

**2.** एक संस्था ________ से बनती है ।

(A) कर्ताओं एवं समूहों
(B) नियमों एवं विधियों
(C) मूल्यों एवं मानदण्डों
(D) सभी

**3.** जॉर्ज सिमेल का समूह का 'एकल', 'द्विक' तथा 'त्रिक' के रूप में वर्गीकरण निम्नलिखित में से किस पर आधारित है ?

(A) शारीरिक समीपता
(B) सदस्यता की प्रकृति
(C) सामाजिक सम्बन्ध
(D) समूह का आकार

**4.** सामाजिक जीवन-निर्वाह के एक क्षेत्र को, जो कुछ मात्रा तक सामाजिक सुसंगतता एवं समानता द्वारा निर्दिष्ट होता है, कहते हैं

(A) सामाजिक समूह
(B) समाज
(C) समुदाय
(D) समिति

**5.** सी. डब्ल्यू. मिल्स का संदर्श दृष्टिगत रखता है

i. जीवनवृत्त
ii. समाजवृत्त
iii. इतिहास
iv. भूगोल
v. नृजाति वर्णन

सही विकल्प चुनिए :

(A) केवल ii
(B) केवल ii तथा iii
(C) केवल i तथा iii
(D) केवल i, ii, iv तथा v

**6.** निम्नलिखित में से किस दृष्टांत को एक संदर्भ-समूह व्यवहार के रूप में नहीं माना जा सकता ?

(A) सर्वहाराकरण
(B) बूर्जुआकरण
(C) संस्कृतिकरण
(D) आधुनिकीकरण

**7.** निम्नलिखित में से कौन अनौपचारिक समूहों का पुंज है ?

(A) क्लीक, फैक्शन, कॉकस
(B) गैंग, यूनियन, डकैत
(C) मलिन बस्ती, ग्राम, गैर-सरकारी संगठन
(D) पड़ोस, साथी समूह, पंचायत

**8.** निम्नलिखित में से किसने यह तर्क दिया है कि विद्यालय बच्चों को सार्वभौमिक मानकों तथा वयस्क समाज की अर्जित प्रस्थिति की ओर अग्रसर होने के लिए तैयार करते हैं ?

(A) ई. दुर्खीम
(B) टी. पार्सन्स
(C) आर.के. मर्टन
(D) के. डेविस

**9.** Who defined religion in terms of a distinction between the sacred and the profone ?

(A) B. Malinowski

(B) C. LeviStrauss

(C) A.R. Radcliffe Brown

(D) E. Durkheim

**10.** The capacity of any person, group or institution to issue commands is called

(A) Power

(B) Authority

(C) Influence

(D) Right

**11.** According to C.W. Mills, the power elite in America comprises those who hold "command posts" in

i. The major business corporations

ii. The military

iii. The Federal Government

iv. The State bureaucracy

Select the correct alternative :

(A) (i), (ii), (iii), (iv)

(B) (i), (ii) and (iii)

(C) (i), (iii) and (iv)

(D) (ii), (iii) and (iv)

**12.** Who argues that 'classes should be defined as imperatively coordinated associations' ?

(A) M. Weber

(B) K. Marx

(C) R. Dahrendorf

(D) R. Collins

**13.** For R. Dahrendorf a post-capitalist society is characterised by

i. Decomposition of capital

ii. Differentiation of labour

iii. Diamond like class structure

iv. Regulations and institutionalization of conflicts

Select the correct alternative :

(A) (i), (ii), (iii) and (iv)

(B) (i), (ii) and (iii)

(C) (i), (ii) and (iv)

(D) (i), (iii) and (iv)

**14.** The concept of 'I' and 'Me' with reference to development of 'self' was used by

(A) S. Freud

(B) C.H. Cooley

(C) H.M. Johnson

(D) G.H. Mead

**15.** Given below are two statements, one labelled as Assertion (A) and the other as Reason (R) :

**Assertion (A) :** Personality system gets integrated into the social system through socialization.

**Reason (R) :** Socialization helps actors to develop skills to play roles in society.

Select the correct answer from the codes given below :

**Codes :**

(A) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

(B) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A).

(C) (A) is true, but (R) is false.

(D) (A) is false, but (R) is true.

www.prepp.in
Prepp
Your Personal Exams Guide

**9.** निम्नलिखित में से किसने धर्म को पवित्र और अपवित्र के मध्य भेद के रूप में परिभाषित किया है ?

(A) बी. मेलिनोवस्की

(B) सी. लेवीस्ट्रॉस

(C) ए.आर. रेडक्लिफ ब्राउन

(D) ई. दुर्खीम

**10.** किसी व्यक्ति, समूह या संस्था की आदेश निर्गत करने की क्षमता को कहते हैं

(A) शक्ति

(B) सत्ता

(C) प्रभाव

(D) अधिकार

**11.** सी. डब्ल्यू. मिल्स के अनुसार अमेरिका में शक्ति अभिजन में वे लोग आते हैं जो ______ में "उच्चाधिकार पदों" पर काबिज हैं ।

i. बड़े व्यापार निगमों

ii. सेना

iii. संघीय सरकार

iv. राज्य अधिकारीतंत्र

सही विकल्प चुनिए :

(A) (i), (ii), (iii) तथा (iv)

(B) (i), (ii) तथा (iii)

(C) (i), (iii) तथा (iv)

(D) (ii), (iii) तथा (iv)

**12.** निम्नलिखित में से किसने यह तर्क दिया है कि वर्गों को 'बाध्यतामूलक संयोजित समितियों' के रूप में परिभाषित करना चाहिए ?

(A) एम. वेबर

(B) के. मार्क्स

(C) आर. डेह्रेंडॉर्फ

(D) आर. कोलिंस

**13.** आर. डेह्रेंडॉर्फ के अनुसार उत्तर-पूँजीवादी समाज निम्नलिखित में से किससे अभिलक्षित होता है ?

i. पूँजी का अपघटन

ii. श्रम का विभेदीकरण

iii. हीरक समान वर्ग संरचना

iv. संघर्षों का विनियमन एवं संस्थागतकरण

सही विकल्प चुनिए :

(A) (i), (ii), (iii) तथा (iv)

(B) (i), (ii) तथा (iii)

(C) (i), (ii) तथा (iv)

(D) (i), (iii) तथा (iv)

**14.** 'आत्म' के विकास के संदर्भ में 'मैं' और 'मुझे' की अवधारणा का उपयोग किसने किया था ?

(A) एस. फ्रायड

(B) सी.एच. कूले

(C) एच.एम. जॉनसन

(D) जी.एच. मीड

**15.** नीचे दो वक्तव्य दिए गए हैं । एक को अभिकथन (A) तथा दूसरे को कारण (R) कहा गया है :

**अभिकथन (A) :** व्यक्तित्व प्रणाली, समाजीकरण के माध्यम से, सामाजिक प्रणाली में एकीकृत हो जाती है ।

**कारण (R) :** समाजीकरण, कर्ता की सहायता समाज में भूमिका निभाने के लिए करता है ।

नीचे दिए गए कूटों में से सही उत्तर चुनिए :

**कूट :**

(A) (A) तथा (R) दोनों सही हैं और (R), (A) का सही स्पष्टीकरण है ।

(B) (A) तथा (R) दोनों सही हैं, परंतु (R), (A) का सही स्पष्टीकरण नहीं है ।

(C) (A) सही है, परंतु (R) गलत है ।

(D) (A) गलत है, परंतु (R) सही है ।

Prepp
Your Personal Exams Guide

16. A status group, according to Max Weber, is characterised by
    (A) Occupation
    (B) Educational background
    (C) Life-style
    (D) Family background

17. Who among the following is regarded as the technological determinist of social change ?
    (A) E. Durkheim
    (B) G. Simmel
    (C) T. Veblen
    (D) T. Malthus

18. The theoretical perspective that asserts that there are discernible stages which the society goes through more than once or even repeatedly is termed as
    (A) Repeated Evolutionary Theory
    (B) Unilinear Evolutionary Theory
    (C) Cyclical Evolutionary Theory
    (D) Reflexive Evolutionary Theory

19. Who among the following describes society as 'sui-generis' ?
    (A) Radcliffe Brown
    (B) Malinowski
    (C) E. Durkheim
    (D) R. Benedict

20. Which of the following pairs are not included in Parsonian Scheme of 'Pattern-Variables' ?
    i. Affectivity Vs Affective neutrality
    ii. Self-orientation Vs Collectivity orientation
    iii. Particularism Vs Universalism
    iv. Localism Vs Globalism
    v. Quality Vs Performance
    vi. Diffusion Vs Specificity
    vii. Evolution Vs Revolution

    Select the correct alternative :
    (A) (i), (ii), (iii), (v) and (vi)
    (B) (ii), (iii), (i), (vi) and (v)
    (C) (ii), (iii), (v)
    (D) (i), (v) and (vi)

21. Given below are two statements, one is labelled as Assertion (A) and the other as Reason (R) :

    **Assertion (A) :** The postulate of functional unity of society maintains that all standardised social and cultural beliefs and practices are functional for society as a whole as well as for individuals in society.

    **Reason (R) :** The above said standardised items are indispensable parts of the working whole.

    **Codes :**
    (A) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A).
    (B) (A) is true, but (R) is false.
    (C) (R) is true, but (A) is false.
    (D) Both (A) and (R) are false.

Prepp
Your Personal Exams Guide

**16.** मैक्स वेबर के अनुसार, प्रस्थिति समूह निम्नलिखित में से किससे अभिलक्षित होता है ?

(A) व्यवसाय

(B) शैक्षिक पृष्ठभूमि

(C) जीवन-शैली

(D) पारिवारिक पृष्ठभूमि

**17.** निम्नलिखित में से किसे सामाजिक परिवर्तन का प्रौद्योगिकीय निर्धारणवादी माना जाता है ?

(A) ई. दुर्खीम

(B) जी. सिमेल

(C) टी. वेब्लेन

(D) टी. माल्थस

**18.** उस सैद्धांतिक परिप्रेक्ष्य को क्या कहते हैं जो इस बात पर बल देता है कि समाज कुछ ज्ञात अवस्थाओं से होकर एकाधिक बार अथवा बारंबार गुजरता है ?

(A) पुनरावर्ती उद्विकास सिद्धांत

(B) समरेखीय उद्विकास सिद्धांत

(C) चक्रीय उद्विकास सिद्धांत

(D) प्रतिवर्ती उद्विकास सिद्धांत

**19.** निम्नलिखित में से किसने समाज को 'स्व-निर्भर-निर्धारित' रूप में वर्णित किया है ?

(A) रेडक्लिफ ब्राउन

(B) मेलिनोवस्की

(C) ई. दुर्खीम

(D) आर. बेनेडिक्ट

**20.** पार्सन्स द्वारा प्रतिपादित 'प्रतिमान-चरों' की योजना में निम्नलिखित में से कौन से युग्म सम्मिलित नहीं है ?

i. भावात्मकता बनाम भावात्मक तटस्थता

ii. स्व-उन्मेष बनाम सामूहिक उन्मेष

iii. निर्दिष्टता बनाम सार्वभौमिकता

iv. स्थानीयता बनाम वैश्विकता

v. गुण बनाम प्रदर्शन

vi. विसरण बनाम विशिष्टता

vii. उद्विकास बनाम क्रांति

सही विकल्प चुनिए :

(A) (i), (ii), (iii), (v) तथा (vi)

(B) (ii), (iii), (i), (vi) तथा (v)

(C) (ii), (iii), (v)

(D) (i), (v) तथा (vi)

**21.** नीचे दो कथन दिए गए हैं । एक को अभिकथन (A) तथा दूसरे को कारण (R) कहा गया है :

**अभिकथन (A) :** समाज की प्रकार्यात्मक एकता इस बात का समर्थन करती है कि समस्त मानकीकृत सामाजिक एवं सांस्कृतिक विश्वास और व्यवहार समग्र समाज के लिए तथा समाज में रहने वाले व्यक्तियों के लिए प्रकार्यात्मक होते हैं ।

**कारण (R) :** उपर्युक्त मानकीकृत मदें कार्यकारी समष्टि के अपरिहार्य भाग हैं ।

**कूट :**

(A) (A) तथा (R) दोनों सही हैं, परन्तु (R), (A) का सही स्पष्टीकरण नहीं है ।

(B) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है ।

(C) (R) सही है, परन्तु (A) गलत है ।

(D) (A) तथा (R) दोनों गलत हैं ।

Prepp
Your Personal Exams Guide

**22.** Who among the following does <u>not</u> adopt the functional approach to the understanding of social phenomena ?

(A) J. Alexander

(B) K. Davis

(C) R.K. Merton

(D) J. Habermas

**23.** The view that authority relations are the main cause of social conflict was held by whom ?

(A) M. Weber

(B) K. Marx

(C) R. Collins

(D) R. Dahrendorf

**24.** Who among the following has classified status in terms of salient status, dominant status and controlling status ?

(A) T. Parsons

(B) R.K. Merton

(C) W.E. Moore

(D) H.M. Johnson

**25.** What is common to magic, religion and science ?

(A) Observation and experimentation

(B) Equal influence on human beings

(C) Orientation towards the unknown

(D) Orientation towards the supernatural

**26.** Who among the following is a proponent of dialectical approach to the study of Indian society ?

(A) M.N. Srinivas

(B) D.P. Mukherjee

(C) A. Beteille

(D) Y.B. Damle

**27.** Which type of research aims to describe a social situation, social event, social system, social structure etc. ?

(A) Basic research

(B) Descriptive research

(C) Empirical research

(D) Explanatory research

**28.** A university has 7530 students and a researcher draws 10 percent sample from it amounting to a total of 753. This is called

(A) Sample size

(B) Sample ratio

(C) Sample element

(D) Purposive sampling

**29.** Which technique of qualitative data collection is followed by researcher to understand people and their behaviour through direct, focused and non-verbal interaction in their natural setting ?

(A) Interview

(B) Observation

(C) Case study

(D) Above all

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

22. सामाजिक परिघटना को समझने में निम्नलिखित में से कौन प्रकार्यात्मक उपागम नहीं अपनाता है ?

(A) जे. अलेक्जेंडर

(B) के. डेविस

(C) आर.के. मर्टन

(D) जे. हेबरमास

23. यह धारणा निम्नलिखित में से किसकी थी कि प्राधिकार-संबंध सामाजिक संघर्ष के मुख्य कारण हैं ?

(A) एम. वेबर

(B) के. मार्क्स

(C) आर. कोलिंस

(D) आर. डेह्रेंडॉर्फ

24. निम्नलिखित में से किसने प्रस्थिति को प्रमुख प्रस्थिति, प्रभुत्वशाली प्रस्थिति तथा नियंत्रणकारी प्रस्थिति के रूप में वर्गीकृत किया है ?

(A) टी. पार्संस

(B) आर.के. मर्टन

(C) डब्ल्यू.ई. मूर

(D) एच.एम. जॉनसन

25. जादू, धर्म तथा विज्ञान में सर्वसामान्य क्या है ?

(A) अवलोकन तथा प्रयोग

(B) मानव पर समान प्रभाव

(C) अज्ञात की ओर उन्मुख होना

(D) अलौकिक की ओर उन्मुख होना

26. भारतीय समाज के अध्ययन के द्वंद्वात्मक उपागम का प्रस्तावक निम्नलिखित में से कौन है ?

(A) एम.एन. श्रीनिवास

(B) डी.पी. मुखर्जी

(C) ए. बेते

(D) वाई.बी. दामले

27. शोध के निम्नलिखित में से किस प्रकार का लक्ष्य किसी सामाजिक परिस्थिति, सामाजिक घटना, सामाजिक प्रणाली, सामाजिक संरचना इत्यादि का वर्णन है ?

(A) मौलिक शोध

(B) विवरणात्मक शोध

(C) आनुभविक शोध

(D) व्याख्यात्मक शोध

28. एक विश्वविद्यालय में 7530 छात्र हैं तथा एक शोधकर्ता इस समूह से 10 प्रतिशत प्रतिदर्श लेता है जो कि 753 छात्र हैं । इसे कहा जाता है

(A) प्रतिदर्श आकार

(B) प्रतिदर्श अनुपात

(C) प्रतिदर्श तत्त्व

(D) सोद्देश्य प्रतिदर्श

29. लोगों तथा उनके व्यवहार को उनके प्राकृतिक प्रतिवेश में प्रत्यक्ष, केंद्रित तथा अ-मौखिक अंत:क्रिया द्वारा समझने के लिए गुणवत्तापूर्ण आंकड़ों के संग्रह हेतु शोधकर्ता द्वारा किस तकनीक का अनुसरण किया जाता है ?

(A) साक्षात्कार

(B) अवलोकन

(C) केस अध्ययन

(D) उपर्युक्त सभी

prepp
Your Personal Exams Guide

**30.** According to Karl Marx, which of the following are elements of the forces of production ?

(A) Technology and capital

(B) Capital, labour and technology

(C) Science and technology

(D) Capital, labour, science and technology

**31.** Who among the following used the concept of 'interaction ritual' in his theory ?

(A) R. Collins

(B) L. Coser

(C) E. Durkheim

(D) H. Blumer

**32.** Who among the following argues that the withdrawal of legitimacy from an existing system of inequality is a critical precondition for conflict ?

(A) R. Dahrendorf

(B) L. Coser

(C) R. Collins

(D) J. Habermas

**33.** Themetic and text analyses are used in

(A) Path analysis

(B) Data analysis

(C) Form analysis

(D) Content analysis

**34.** The study of recorded human statement based on newspaper, magazines, songs, poems, speeches etc. are known as

(A) Statistical analysis

(B) Content analysis

(C) Historical analysis

(D) Comparative analysis

**35.** Which one of the following is not a type of reliability according to Kirk and Miller ?

(A) Quixotic : Circumstances in which single method of observation yields the same measurement repeatedly.

(B) Dialectical : Observation between two conflicting situation.

(C) Diachronic : Stability of an observation over a period of time.

(D) Synchronic : Similarity of observation within same period of time.

**36.** Which one of the following is not a measure of central tendency ?

(A) Mean

(B) Median

(C) Mode

(D) Standard deviation

prepp Your Personal Exam Guide

**30.** कार्ल मार्क्स के अनुसार, निम्नलिखित में से कौन उत्पादन शक्तियों के तत्त्व हैं ?

(A) प्रौद्योगिकी तथा पूँजी

(B) पूँजी, श्रम तथा प्रौद्योगिकी

(C) विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी

(D) पूँजी, श्रम, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी

**31.** निम्नलिखित में से किसने अपने सिद्धांत में 'अंत:क्रिया अनुष्ठान' की अवधारणा का उपयोग किया है ?

(A) आर. कोलिंस

(B) एल. कोजर

(C) ई. दुर्खीम

(D) एच. ब्लूमर

**32.** यह निम्नलिखित में से किसका तर्क है कि असमानता की मौजूदा प्रणाली से वैधता का प्रत्याहार संघर्ष की निर्णायक पूर्व-शर्त है ?

(A) आर. डेह्रेंडॉर्फ

(B) एल. कोजर

(C) आर. कोलिंस

(D) जे. हेबरमास

**33.** मूल-विषय तथा पाठ विश्लेषण का उपयोग किसमें किया जाता है ?

(A) पथ विश्लेषण

(B) आँकड़ा विश्लेषण

(C) स्वरूप विश्लेषण

(D) अंतर्वस्तु विश्लेषण

**34.** समाचारपत्र, पत्रिकाओं, गीतों, कविताओं, भाषणों इत्यादि पर आधारित अभिलिखित मानव वक्तव्य के अध्ययन को क्या कहते हैं ?

(A) सांख्यिकीय विश्लेषण

(B) अंतर्वस्तु विश्लेषण

(C) ऐतिहासिक विश्लेषण

(D) तुलनात्मक विश्लेषण

**35.** किर्क तथा मिलर के अनुसार, निम्नलिखित में से कौन विश्वसनीयता का एक प्रकार नहीं है ?

(A) अव्यावहारिक : वे परिस्थितियाँ जिनमें अवलोकन की एकल विधि बारंबार एक ही मापन उत्पन्न करती है ।

(B) द्वंद्वात्मक : दो संघर्षपूर्ण स्थितियों के बीच अवलोकन

(C) कालक्रमिक : लंबे समय तक अवलोकन का स्थायित्व

(D) एककालिक : समान समयावधि के अंतर्गत अवलोकन की समानता

**36.** निम्नलिखित में से कौन केंद्रीय प्रवृत्ति का एक मापन नहीं है ?

(A) माध्य

(B) माध्यिका

(C) बहुलक

(D) मानक विचलन

Prepp
Your Personal Exams Guide

**37.** "Men make history, but they do not make it just as they please; they do not make it under circumstances chosen by themselves, but under circumstances directly encountered, given and transmitted from the past." With whom is this statement related ?

(A) Karl Mannheim
(B) Karl Marx
(C) Karl Popper
(D) Ralf Dahrendorf

**38.** "Thinking is simply an internalised or implicit conversation of the individual with himself by means of significant gestures." Who said so ?

(A) L. Althusser
(B) H. Blumer
(C) P. Blau
(D) G.H. Mead

**39.** Which of the following is not a feature of association ?

(A) A collectivity of people
(B) Having certain objectives
(C) Voluntary membership
(D) Pursuing ideal norms

**40.** Which of the following statements on the nature of social role is not correct ?

(A) It is a set of expectations.
(B) It is impossible to define one's role without referring to another.
(C) It includes a series of rights and duties.
(D) It has no association with status.

**41.** According to Coser which of the following type of conflict may not be functional for the system ?

(A) Conflict over core value
(B) Conflict over explicit realistic issues
(C) Frequent conflict over small issues
(D) Repetitive conflict of low intensity

**42.** Which of the following scales has real zero origin ?

(A) Nominal
(B) Ordinal
(C) Interval
(D) Ratio

**43.** Who had applied the reference group theory to analyse mobility within the caste system ?

(A) M.S.A. Rao
(B) G.S. Ghurye
(C) M.N. Srinivas
(D) Yogendra Singh

**44.** The concept of structural visibility was contributed by whom ?

(A) T. Parsons
(B) R.K. Merton
(C) Radcliffe-Brown
(D) S.F. Nadel

Prepp Your Personal Exam Guide

Prepp
Your Personal Exams Guide

**37.** "मनुष्य इतिहास बनाते हैं, परन्तु वे इसे मात्र वैसा नहीं बनाते हैं जैसा वे चाहते हैं, वे इसे स्वयं चयनित परिस्थितियों के अंतर्गत नहीं बनाते, बल्कि भूतकाल से प्रत्यक्ष रूप में प्राप्त, प्रदत्त एवं संचारित परिस्थितियों के अंतर्गत बनाते है" - यह वक्तव्य किससे संबंधित है ?

(A) कार्ल मैनहीम

(B) कार्ल मार्क्स

(C) कार्ल पॉपर

(D) राल्फ डेह्रेंडॉर्फ

**38.** "सरल अर्थ में चिंतन, अर्थगर्भित भाव-भंगिमा के द्वारा एक व्यक्ति का स्वयं के साथ आंतरीकृत अथवा अंतर्निहित वार्त्तालाप है" – यह किसका कथन है ?

(A) एल. अल्थूसर

(B) एच. ब्लूमर

(C) पी. ब्लाऊ

(D) जी.एच. मीड

**39.** निम्नलिखित में से कौन, समिति का एक लक्षण नहीं है ?

(A) लोगों की सामूहिकता

(B) कतिपय उद्देश्यों का होना

(C) स्वैच्छिक सदस्यता

(D) आदर्श मानदण्डों का अनुसरण

**40.** सामाजिक भूमिका की प्रकृति पर दिए गए निम्नलिखित वक्तव्यों में से कौन सा सही <u>नहीं</u> है ?

(A) यह प्रत्याशा का एक सेट है ।

(B) दूसरे व्यक्ति को संदर्भित किए बिना एक व्यक्ति की भूमिका को परिभाषित करना असंभव है ।

(C) इसके अंतर्गत अधिकारों तथा कर्त्तव्यों की श्रेणी सम्मिलित है ।

(D) प्रस्थिति के साथ इसकी कोई संबद्धता नहीं है ।

**41.** कोजर के अनुसार, निम्नलिखित में से किस प्रकार का विवाद, प्रणाली के लिए प्रकार्यात्मक <u>नहीं</u> हो सकता ?

(A) केंद्रीय मूल्य पर विवाद

(B) सुस्पष्ट यथार्थवादी मुद्दों पर विवाद

(C) छोटे-छोटे मुद्दों पर बारंबार विवाद

(D) अल्प-तीव्रता वाला पुनरावर्ती विवाद

**42.** निम्नलिखित में से किस प्रमाप में वास्तविक शून्य उद्गम होता है ?

(A) नामिक

(B) क्रमसूचक

(C) अंतर

(D) अनुपात

**43.** जाति प्रणाली के अंतर्गत गतिशीलता का विश्लेषण करने के लिए निम्नलिखित में से किसने संदर्भ-समूह सिद्धांत का अनुप्रयोग किया था ?

(A) एम.एस.ए. राव

(B) जी.एस. घुर्ये

(C) एम.एन. श्रीनिवास

(D) योगेन्द्र सिंह

**44.** संरचनात्मक दृष्यता की अवधारणा का प्रतिपादन किसने किया था ?

(A) टी. पार्संस

(B) आर.के. मर्टन

(C) रेडक्लिफ-ब्राउन

(D) एस.एफ. नाडेल

**45.** Which one of the following pairs is <u>not</u> correctly matched ?

(A) Organic solidarity – E. Durkheim

(B) Pattern variable – T. Parsons

(C) Looking-glass self – C.H. Cooley

(D) Individualistic functionalism – R.K. Merton

**46.** Triangulation is a method of assessing validity of one's research by

(A) Collecting three generational data.

(B) Analysing three generational data.

(C) Using different methods and theoretical analysis of different subject of study by one or more researchers.

(D) Mixing of different methods and theoretical analysis of same subject of study by one or more researchers.

**47.** The book "Street Corner Society" based on the following technique of research :

(A) Interview schedule

(B) Participant observation

(C) Content analysis

(D) Questionnaire

**48.** Identify the correct sequence in social research :

i. Report writing

ii. Data analysis

iii. Pilot study

iv. Formation of hypothesis

v. Null hypothesis

vi. Observation

(A) iv, v, iii, vi, ii, i

(B) iii, iv, i, ii, vi, v

(C) i, ii, iii, iv, v, vi

(D) vi, v, iv, iii, ii, i

**49.** Who among the following attempted micro-integrative conflict theory ?

(A) Dahrendorf

(B) Coser

(C) Collins

(D) Marx

**50.** In the major conceptualizations of class, which of the following are <u>not</u> a basis of class situation ?

i. Property

ii. Income

iii. Authority

iv. Caste

Select the correct answer from the codes given below :

(A) i, ii, & iii

(B) i & ii

(C) i & iii

(D) ii & iv

**45.** निम्नलिखित में से कौन सा युग्म सुमेलित नहीं है ?

(A) जैव समेकता – ई. दुर्खीम

(B) प्रतिमान चर – टी. पार्सस

(C) आत्म-दर्पण – सी.एच. कूले

(D) व्यष्टिवादी प्रकार्यवाद – आर.के. मर्टन

**46.** अपने शोध की प्रामाणिकता का त्रिभुजन विधि द्वारा मूल्यांकन करने की विधि निम्नलिखित में से कौन है ?

(A) तीन पीढ़ियों के आँकड़ों का संकलन करना ।

(B) तीन पीढ़ियों के आँकड़ों का विश्लेषण करना ।

(C) एक या अनेक शोधकर्ताओं द्वारा भिन्न-भिन्न विषय-क्षेत्रों के अध्ययन के लिए भिन्न-भिन्न विधियों तथा सैद्धांतिक विश्लेषण का उपयोग करना ।

(D) एक या अनेक शोधकर्ताओं द्वारा अध्ययन के एक ही विषय के लिए विभिन्न विधियों और सैद्धांतिक विश्लेषण का मिश्रण करना ।

**47.** "स्ट्रीट कार्नर सोसाइटी" शीर्षक पुस्तक शोध की किस विधि पर आधारित है ?

(A) साक्षात्कार अनुसूची

(B) सहभागी अवलोकन

(C) अंतर्वस्तु विश्लेषण

(D) प्रश्नावली

**48.** सामाजिक शोध में निम्नलिखित का सही अनुक्रम पहचानिए :

i. प्रतिवेदन लेखन

ii. आँकड़ा विश्लेषण

iii. प्रायोगिक अध्ययन

iv. प्राक्कल्पना का निर्माण

v. निराकरणीय प्राक्कल्पना

vi. अवलोकन

(A) iv, v, iii, vi, ii, i

(B) iii, iv, i, ii, vi, v

(C) i, ii, iii, iv, v, vi

(D) vi, v, iv, iii, ii, i

**49.** निम्नलिखित में से किसने सूक्ष्म समेकित संघर्ष सिद्धांत पर काम किया है ?

(A) डेहरेंडॉर्फ

(B) कोजर

(C) कोलिंस

(D) मार्क्स

**50.** वर्ग-स्थिति की प्रमुख संकल्पनाओं में निम्नलिखित में से कौन से वर्ग-स्थिति के आधार नहीं हैं ?

i. सम्पत्ति

ii. आय

iii. प्राधिकार

iv. जाति

निम्नलिखित कूटों में से सही उत्तर चुनिए :

(A) i, ii तथा iii

(B) i तथा ii

(C) i तथा iii

(D) ii तथा iv

Prepp
Your Personal Exams Guide

**Space For Rough Work**

Prepp Your Personal Exam Guide